# राज्य पात्रता परीक्षा प्रकोष्ठ
## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
## नोडल ऐजेन्सी
## रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर (म.प्र.)

**विज्ञप्ति कमांक 04/06/परीक्षा/2018, दिनांक 29.12.2018**

## विज्ञप्ति

## राज्य पात्रता परीक्षा–2018

01. उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन सहायक प्राध्यापक के पदों पर भर्ती हेतु "राज्य पात्रता परीक्षा–2018" का आयोजन म.प्र. लोक सेवा आयोग के माध्यम से करने जा रहा है। आयोग के द्वारा विज्ञापन कमांक 06/परीक्षा/2018, दिनांक 06.10.2018 राज्य पात्रता परीक्षा–2018 का विज्ञापन, वि.क्र. 01/06/परीक्षा/2018, दिनांक 27.10.2018 में ऑनलाईन सर्वर के मेन्टेनेन्स, वि.क्र. 02/06/परीक्षा/2018, दिनांक 10.12.2018 ऑनलाईन परीक्षा की समय–सारिणी एवं वि.क्र. 03/06/परीक्षा/2018, दिनांक 12.12.2018 परीक्षा परिणाम तैयार करने की विधि के संबंध में विज्ञप्ति/शुद्धिपत्र/संशोधित विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट में प्रकाशित की गई थी।

02. सेट–2018 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्न बिन्दुओं के आधार पर प्रवेश पत्र जारी किये जायेंगे :–

    अ. राज्य पात्रता परीक्षा–2018 के विज्ञापन कमांक 06/परीक्षा/2018/06.10.2018 के परिशिष्ट–01 में उल्लेखित 19 विषयों एवं उनके स्नातकोत्तर उपाधि तथा मुख्य विषयो/सहविषयों के अनुसार ही केवल अर्ह अभ्यर्थियों को ही प्रवेश–पत्र जारी किये जा रहे है। तथा ऐसे अभ्यर्थी जो उक्त परिशिष्ट में दिये गये स्नातकोत्तर उपाधि व मुख्य विषय/सहविषय की अर्हता को पूर्ण नहीं करते है। उन्हें प्रवेश–पत्र जारी नहीं किया जायेंगा।

    ब. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने राज्य पात्रता परीक्षा–2018 में एक से अधिक विषय हेतु आवेदन किया है, उनके आवेदन निरस्त किये जायेंगे।

    स. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाईन आवेदन–पत्र में पूछी गई जानकारी में नेट/ स्लेट/सेट उत्तीर्ण होते हुए भी भ्रामक जानकारी दी है तथा परीक्षा परिणाम घोषित उपरांत अभ्यर्थियों की नेट/ स्लेट/सेट उत्तीर्ण की जानकारी आयोग को प्राप्त होती है तो ऐसे अभ्यर्थियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी तथा उन्हें आयोग की आगामी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से विवर्जित भी किया जा सकेगा।

    द. सेट–2018 परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र जारी करने अथवा परीक्षा को उत्तीर्ण करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। पात्रता परीक्षा के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन–पत्र निरस्त कर, उसकी जिम्मेदारी समाप्त की जायेगी।

04. अभ्यर्थी अपना प्रथम प्रश्नपत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र हेतु आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी दिनांक 03.01.2019 से तथा परीक्षा का प्रवेश पत्र दिनांक 12.01.2019 से आयोग की वेबसाईट से प्राप्त कर सकेंगे।

05. प्रवेश–पत्र के संबंध में हेल्पलाईन :– 84358-39544 पर दिनांक 12.01.2019 से कार्यालयीन समय में (प्रातः 10:30 से 05:30 बजे तक) संपर्क करें।

परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in एवं www.mppsc.com का निरंतर विजिट करते रहे।

(डॉ.आर.आर.कान्हेरे)
परीक्षा नियंत्रक (सेट)